स्वाद के साथ सेहतमंद रखने का खजाना भी है चॉकलेट

विश्व चॉकलेट दिवस

हाथ में चॉकलेट लेकर खुशी जताते बच्चे।

- चॉकलेट में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स रक्त प्रवाह को बेहतर बनाते हैं और खून के थक्के बनने की संभावना कम करते हैं
- फिजीशियन चेस्ट ध्रुव राज का कहना है कि डायबिटीज मरीजों को अधिक चीनी वाली चॉकलेट से बचना चाहिए
- अधिक चीनी और वसा वाली चॉकलेट के बजाय डार्क चॉकलेट को प्राथमिकता दें
- जनपद में चॉकलेट का कारोबार 10 करोड़ तक पहुंचा, चॉकलेट आधारित उत्पादों की बढ़ी डिमांड
- त्योहारों के दौरान यह आंकड़ा और बढ़ जाता व्यापारियों के मुताबिक चॉकलेट फ्लेवर वाली मिठाइयों की डिमांड बढ़ी है

फर्रुखाबाद, संवाददाता। विश्व चॉकलेट दिवस आज मनाया जाएगा। जनपद में चॉकलेट केवल मिठास का प्रतीक नहीं रह गई, बल्कि सीमित मात्रा में और सही प्रकार की चॉकलेट का सेवन स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। विशेषज्ञों का कहना है कि विशेष रूप से 70 प्रतिशत या उससे अधिक कोको वाली डार्क चॉकलेट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनॉयड्स शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। हालांकि अधिक चीनी वाली चॉकलेट का अत्यधिक सेवन नुकसानदायक भी हो सकता है।

हाई ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने में सहायक: फिजीशियन डॉ. प्रज्ञा मिश्रा डार्क चॉकलेट में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फ्लेवोनॉयड्स रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इससे रक्तचाप नियंत्रित रखने में सहायता मिलती है। सीमित मात्रा में सेवन हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। डॉ. अनूप दीक्षित का कहना है, रोजाना 20 से 30 ग्राम डार्क चॉकलेट का सेवन सामान्य व्यक्ति के लिए लाभकारी हो सकता है, लेकिन इसका अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। डॉ. मनोज पांडेय बताते हैं कि डार्क चॉकलेट शरीर में रक्त संचार बेहतर करती है। मस्तिष्क तक ऑक्सीजन की आपूर्ति भी बेहतर होती है और व्यक्ति का मूड अच्छा रहता है। प्राकृतिक तत्व तनाव कम करते हैं।

प्रयोगात्मक परीक्षा जीजीआईसी में होगी

फर्रुखाबाद। वर्ष 2026 की कंपार्टमेंट परीक्षा 16 और 17 जुलाई को नियत की गयी है। इसके लिए फतेहगढ़ के राजकीय बालिका इंटर कालेज को केंद्र बनाया गया है। डीआइओएस संजीव कुमार ने बताया कि वर्ष 2026 की कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन करने वाले परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा देंगे।

उन्होंने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा के संपादन की व्यवस्थायें समय से पहले ही पूरा करने के निर्देश प्रधानाचार्य को दिये गये हैं। प्राप्तांकों से संबंधित ओएमआर क्षेत्रीय कार्यालय को बीस जुलाई से पहले भेजना सुनिश्चित करें।

पुलिस-पीएसी तैनात, प्रधान व समर्थक खोजे जा रहे

मुख्य रोड पर होता रहा बवाल फिर भी दो घंटे बाद पहुंची पुलिस, भूमि के लिए एक वर्ष से चल रहा है दोनों पक्षों में विवाद

वायरल वीडियो

फर्रुखाबाद, संवाददाता। भूमि के कब्जे को लेकर हुए खूनी संघर्ष के बाद गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर दोनों पक्षों के घरों पर पुलिस तैनात कर दी गई है, जबकि घटनास्थल पर पीएसी की तैनाती की गई है। कोतवाली पुलिस लगातार गांव में गश्त कर रही है। तीन पुलिस टीमें आरोपितों की तलाश में जुटी हैं। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। हालांकि आपका अपना हिन्दुस्तान अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पुलिस जांच में जुटी है।

सीओ अजय वर्मा और एसडीएम गजराज सिंह भी मौके की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। निसाई की प्रधान गीता देवी के बेटे अभय ने बताया गेसिंगपुर प्लांट की ओर जाने वाले मार्ग पर एक बीघा सरकारी जमीन पर मुड़गांव के प्रधान रामनरायण कब्जा कर रहे थे मेरे पिता सत्येंद्र और भाई अन्य लोग काम रुकवाने के लिए गए थे जैसे ही हम लोग मौके पर पहुंचे तभी प्रधान मुड़गांव के साथ 30 से 40 लोग आ गए गाड़ी पर हमला कर दिया जिसमें मेरे व मेरे मित्र के गोली लगी और हमले में पिता को भी घायल कर दिया गया। भूमि के लिए करीब एक वर्ष से विवाद चला आ रहा है। संबंधित भूमि को लेखपाल द्वारा सुपुर्द किया गया था। इसी को लेकर लगातार विवाद की स्थिति बनी हुई थी।

दो घंटे बाद पहुंची पुलिस: पीड़ित अभय का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। उनका आरोप है कि यदि पुलिस समय पर पहुंच जाती तो इतना बड़ा बवाल नहीं होता। घटना से एक दिन पहले मेरी मां ग्राम प्रधान गीता देवी ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में लिखित शिकायत देकर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किए जाने की जानकारी दी थी। शिकायत में बताया गया था कि वर्ष 2025 में भी इसी भूमि पर कब्जे का प्रयास हुआ था, जिसे राजस्व टीम ने हटवाया था। ग्राम समाज की गाटा संख्या 818 की भूमि पर दोबारा मेड़ तोड़कर कब्जा किया जा रहा था। प्रधान ने पुलिस से सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने और कार्रवाई की मांग की थी, आरोप है कि प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। सीओ अजय वर्मा ने बताया कि घटना से एक दिन पहले भी दोनों पक्षों के बीच विवाद की शिकायत कोतवाली में आई थी। मोहम्मदाबाद कोतवाल स्वयं गांव पहुंचे थे और दोनों पक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए कोई भी विवादित भूमि पर नहीं जाएगा।

वायरल वीडियो में घटनास्थल पर पिस्टल से फायर करता दिख रहा युवक। ● (वीडियो ग्रैब)

लोहिया अस्पताल में घायल अमन से जानकारी करते थाना प्रभारी कादरी गेट।

अस्पताल के आईसीयू में भर्ती प्रधान पति सत्येंद्र राठौर। ● हिन्दुस्तान

प्रधान पति की गाड़ी पर लाठी-डंडों से हमला करते लोग। ● (वीडियो ग्रैब)

दो लोगों को लगी गोली, पांच घायल

हमले में राहुल निवासी रतनपुर (जहानगंज) और प्रधान पुत्र अभय राठौर के पैर में गोली लगी। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। झगड़े में सत्येंद्र राठौर, अभय राठौर, राहुल, रवि, अतुल, मनोज और अमन शामिल हैं। किसी को रॉड मारकर घायल किया गया तो किसी पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। पांच घायलों का लोहिया अस्पताल और दो का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

> फील्ड यूनिट ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। मुड़गांव के पक्ष की ओर से मारपीट व फायरिंग की गई थी। जांच हो रही। **गिरीश कुमार**, अपर पुलिस अधीक्षक

गोली से घायल प्रधान का बेटा अभय राठौर।

मारपीट में घायल मनोज। ● हिन्दुस्तान

गोली से घायल राहुल का इलाज करते डॉक्टर।

सड़क किनारे खाई में मिला युवक का शव, पुलिस पहुंची

- शव बोरे में बंद था, सिर पर चोट लगी
- शाहजहांपुर का रहने वाला है युवक

फर्रुखाबाद। कमालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर सड़क किनारे खाई में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। मृतक की पहचान शाहजहांपुर जनपद के निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे ग्राम प्रधान बोहरनपुर टप्पा हवेली ने सूचना दी कि थाना कमालगंज क्षेत्र के गंगा गली में कस्बे से लगभग दो किलोमीटर आगे सड़क किनारे खाई में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। शव के पास सुतली का एक बोरा भी पड़ा था, जबकि मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस की जांच में मृतक की पहचान सोने लाल यादव, निवासी ग्राम पुरैना, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहांपुर के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। सिर पर मिले चोट के निशानों को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

नवाबगंज में महिला से छेड़छाड़ कर दी

नवाबगंज। जनपद शाहजहांपुर के थाना परौर के एक गांव निवासी एक महिला तीन दिन पूर्व थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी अपनी बहन के घर आई थी। सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे महिला बहन के घर के पीछे खड़े पाकड़ के पेड़ के नीचे महिलाओं के साथ बैठी थी। उसी दौरान गांव के ही निवासी युवक ने आकर महिला से छेड़छाड़ करना शुरू कर दी।

महिला के विरोध करने पर युवक ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी और मौके से भाग गया। थाने पहुंची महिला ने पुलिस को युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

छत से गिरा युवक, मौत

नवाबगंज। मध्य प्रदेश प्रांत के भिंड क्षेत्र का निवासी युवक किराए के मकान में रहता था। रविवार रात लघुशंका के लिए उठा और दो मंजिला मकान की छत से नीचे गिरने से मौत हो गई।

बाइक से कीचड़ की छींटे पड़ीं, बाराती-ग्रामीण भिड़े

कायमगंज, संवाददाता। पैथान गांव में एक शादी समारोह के दौरान बाइक से कीचड़ के छींटे पड़ने पर बारातियों और ग्रामीणों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट और पथराव हो गया, जिसमें एक ग्रामीण समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराया। किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

रविवार रात पैथान गांव निवासी एक ग्रामीण की पुत्री की शादी थी। एटा जिले के राजा का रामपुर कस्बे से बारात आई थी। बारात में शामिल दुल्हे का चचेरा भाई अक्षय कुमार बाइक से रिश्तेदारी में वाहन खड़ा करने जा रहा था। इसी दौरान गली में बाइक का पहिया नाली में उतर गया, जिससे कीचड़ के छींटे वहां खड़े युवकों पर पड़ गए। इसे लेकर विवाद शुरू हो गया। कुछ देर बाद अक्षय और करन के वापस आने पर दोनों पक्ष में विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई और दोनों ओर से पथराव होने लगा। बीच-बचाव कर रहे गांव निवासी खेमकरन भी घायल हो गए। बाराती अक्षय कुमार और करन कुमार को भी चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

फावड़े से ग्रामीण पर किया हमला

नवाबगंज। वीरपुर गांव निवासी गोपाल की खेत की मेड़ को एक ग्रामीण ने काटकर अपने खेत में मिलाना शुरू कर दिया। जानकारी पर खेत पर पहुंचे गोपाल ने जब वीडियो बनाया तो दूसरे पक्ष ने फावड़े से हमला कर दिया। इस पर पुलिस से शिकायत की गयी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

सिलेंडर में लगी आग से महिला झुलसी

फर्रुखाबाद। राजेपुर तिराहा निवासी घनश्याम के घर सोमवार दोपहर शादी की तैयारियों के बीच गैस सिलेंडर में रिसाव से आग लग गई। हादसे के समय घर में तेल की रस्म चल रही थी और परिजन व रिश्तेदार गैस सिलेंडर पर भोजन बना रहे थे। अचानक गैस रिसाव होने से आग भड़क उठी, जिससे पूरे घर में अफरा-तफरी मच गई।

घनश्याम की बारात मंगलवार को लखीमपुर खीरी जानी थी। दोपहर करीब दो बजे घर में शादी की रस्में चल रही थीं। इसी दौरान सिलेंडर से गैस रिसाव होने पर आग लग गई। आग से बचने के लिए सभी लोग बाहर की ओर भागे, लेकिन इस दौरान घनश्याम की बहन अनीता आग की चपेट में आकर झुलस गई। परिजनों ने तत्काल उन्हें राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। राजेपुर थाना प्रभारी नागेंद्र सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच की।

शहर 30s

जन्म जयंती के अवसर पर पौधरोपण करने पहुंचे विधायक नागेंद्र सिंह राठौर।

राष्ट्र सेवा को समर्पित रहे डॉ. श्यामा

फर्रुखाबाद। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में याद किया गया। कोल्ड स्टोरेज परिसर में पौधरोपण किया गया। यहां जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर, मंडल अध्यक्ष शैलेष मिश्रा आदि रहे। कायमगंज में संगोष्ठी में पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, सुनील चक, महेंद्र रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार दंपत्ति घायल

कमालगंज। खुदागंज स्टेशन के निकट एक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति और उसका छह माह का मासूम घायल हो गया। खुदागंज स्टेशन के समीप नगरिया के सचिन अपनी पत्नी लक्ष्मी और बच्चे के साथ बाइक से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे सचिन और उसकी पत्नी घायल हो गयी। सीएचसी में दोनों का इलाज किया गया।

बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

कमालगंज। ढपलपुर स्थित परिषदीय विद्यालय में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान बच्चों की लंबाई और वजन की माप की गई। टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की। डॉ. राजीव ने बच्चों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और बीमारियों से बचाव के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को हाथ धोने के बाद खाना खाने के फायदे के बारे में बताया।

संत यात्रा का किया स्वागत, बरसाए फूल

अमृतपुर। राजेपुर थाने के चाचूपुर में सोमवार को संत यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा के पहुंचने से पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गये थे। इस दौरान जैन आचार्य का स्वागत किया गया। फूल बरसाए गए। संतों के दर्शन किए गए। इस दौरान यात्रा आगे के लिए बढ़ी। सुरक्षा व्यवस्था भी रही।

अमृतपुर सीएचसी में पर्चा बनवाने में हुए परेशान

अमृतपुर। राजेपुर सीएचसी में मरीजों की संख्या में सोमवार को खासी बढ़ोत्तरी देखी गयी। सर्वर डाउन होने से मरीजों का पर्चा बनने में भी दिक्कत आयीं। आनलाइन पर्चे के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। लोगों का कहना था कि अक्सर यहां पर सर्वर काम नहीं करता है। इससे मरीजों को दिक्कत होती है।

अमृतपुर में दुकानदारों से कर दी मारपीट

अमृतपुर। रविवार की देर शाम कस्बे में दो दुकानदारों से युवकों ने मारपीट कर दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। बाजार में फिंगर और पापड़ी की दो अलग अलग दुकाने लगती हैं। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंचे और दोनों दुकानदारों से कहासुनी हो गयी और इसी बीच मारपीट होने लगी।

अधूरी बनाकर छोड़ी सड़क को बनवाने की मांग

अमृतपुर। थिथनापुर ग्राम पंचायत के मजरा वजीरपुर में अधूरी बनाकर छोड़ दी गई सड़क बनवाये जाने की मांग की गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि खाखिन रोड से गांव की सीसी सड़क के बीच पांच सौ मीटर का हिस्सा छूटा है और इस पर कई जगह गड्ढे हैं। इसको बनवाने की जरूरत है। ग्रामीणों का कहना है कि इसको लेकर कई बार अधिकारियों से शिकायत की पर हल नहीं निकला।

ढाईघाट पर मारपीट में चार आरोपी गिरफ्तार

शमसाबाद। ढाईघाट पर कलश विसर्जन के बीच रविवार को जो मारपीट हुयी थी इसमें दो पक्षों के बीच लाठी डंडे चले थे। इस पर भगदड़ मच गयी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जैसे तैसे स्थिति को संभाला था। पुलिस की टीम ने जांच पड़ताल की। एक दूसरे क्षेत्र के रहने वाले अवधेश सिंह, सुधांशु और गिरीश चंद्र व रामरतन को पुलिस ने इस मामले में पकड़ लिया। शांतिभंग में कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। दोबारा झगड़ा न करने की हिदायत दी है।

कीटनाशक दुकानों पर छापा, छह नमूने भरे

फर्रुखाबाद। गन्ने की फसल में प्रयोग होने वाले कीटनाशकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए गठित संयुक्त टीमों ने सोमवार को कीटनाशक दवा की दुकानों पर छापा मारा। छह दवाओं के नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया। डिप्टी डायरेक्टर कृषि अरविंद मोहन मिश्र, कायमगंज में जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र वर्मा और अमृतपुर में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए कृषि रक्षा विभाग के नेतृत्व में 21 कीटनाशी विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

साहसी बालिका टीम ने सफाई अभियान चलाया।

सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया

कायमगंज। साहसी बालिका टीम ने सोमवार को ऐतिहासिक कुंडा स्थित स्वर्णसरोवर मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। मंदिर परिसर और आसपास फैली गंदगी को साफ किया गया। प्राचीन स्थलीय कुंडा स्थित स्वर्णसरोवर मंदिर के पास साहसी बालिका टीम की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। खुशबू मिश्रा, सिल्की मिश्रा, प्रियंका दुबे, गरिमा चौहान, दिव्या शाक्य, संजना दिनकर, शीतल, नेहा, गौरी और विराग व अन्य रहे।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालयः न्यू मण्डी फर्रुखाबाद रोड, इटावा
ई-नीलामी बिक्री सूचना

[नियम 8(6)] अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत के अधीन अचल परिसंपत्ति के बिक्री की ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य और आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता को नोटिस दी जाती है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति प्रत्याभूत लेनदार को बंधक /प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, जिसकी बिक्री "जैसे है जहां है", "जैसे है जो है" तथा "जो भी वहां है" तथा बिना किसी दायित्व के आधार पर की जाएगी। संबंधित संपत्ति के विवरण के समक्ष आरक्षित मूल्य एवं ईएमडी प्रदर्शित है। ई-नीलामी बैंक द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाता ई-नीलामी एजेंसी की वेबसाइट https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट- https://baanknet.com को देखें।

ई-नीलामी की तिथि व समय : 24.07.2026, प्रातः 10:00 से सायं 04:00 बजे तक (5 मिनट के असीमित समय सहित)
बिड जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : 23.07.2026, अपरान्ह 04:00 बजे तक

ऋणी, बंधककर्ता और जमानतकर्ता का नाम व पता	अचल सम्पत्ति का विवरण	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड मूल्य
शाखा- फर्रुखाबाद शाखा, मो.नं. 8303713669				
ऋणीः मैसर्स अशरा एम्बोइडी, प्रोपराइटर श्री जीसानुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन (ऋणी) एवं श्री जीसानुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन, पता- मकान सं. 150, वार्ड सं. 19, खैराती खान, जिला- फर्रुखाबाद-209625	आवासीय संपत्ति के सभी भाग व खण्ड का साम्यिक बंधक, मालिकः श्री जीशानउद्दीन पुत्र कमरुद्दीन स्थित मोहल्ला-गढ़ी अब्दुल मजीद खान, बड़ी वाली मस्जिद के पास, नाला मच्छरट्टा रोड, परगना-पहाड़ा, तहसील- फर्रुखाबाद सदर, जिला-फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश, कुल क्षेत्रफल- 58.97 वर्ग मीटर, चौहद्दीः पूर्व- रास्ता 3.04 मीटर, पश्चिम- श्रीमती रफीकन बेगम का शेष भाग, उत्तर- गली 2.5 मीटर चौड़ी, दक्षिण- श्री मुंशी कादिर का मकान	रु. 7,76,080.06 + उसपर बाद को लागू ब्याज तथा व्यय	24.07.2026 प्रातः 10:00 से सायं 4:00 तक	रु. 9.91 लाख (आरक्षित मूल्य) / रु. 1.00 लाख (अग्रिम राशि) / रु. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।
2. उपर्युक्त संपत्ति को ऊपर बताए गए आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा।
3. बोलीदाताओं को वेबसाइट https://baanknet.com पर पंजीकृत होना होगा और केवाईसी दस्तावेज सेवा प्रदाता द्वारा केवाईसी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अपलोड करने होंगे। धरोहर राशि एनईएफटी के माध्यम से ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में दिनांक 23.07.2026 सायं 04:00 बजे तक जमा की जाएगी। (https://baanknet.com से चालान जनरेट होने के बाद)
4. अधिक जानकारी के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी, मोबाइल नं0- 7390932121 से संपर्क करें। सम्पत्ति के निरीक्षण के लिए कृपया शाखा प्रबंधक से संपर्क करें।
5. सफल बोलीदाता को सुरक्षित संपत्ति के पंजीकरण/हस्तांतरण के लिए स्टांप शुल्क, पंजीकरण, कर देयता आदि जैसे सभी आवश्यक खर्च वहन करने होंगे।
6. नियम और शर्तें पूरी तरह से SARFAESI अधिनियम, नियम 2002 एवं बैंक की पॉलिसी के प्रावधानों के अनुसार होंगी।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांक : 07.07.2026 स्थान : इटावा प्राधिकृत अधिकारी : सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

रोपे जाएंगे 45 लाख से ज्यादा पौधे

फर्रुखाबाद, संवाददाता। जिले में 45 लाख से ज्यादा पौधे रोपे जाएंगे। यह फैसला जिलाधिकारी डॉ. की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में पौधरोपण अभियान, गंगा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग पौधरोपण के उपरांत दो दिवस के भीतर फोटो हरीतिमा पोर्टल पर अपलोड कर जियो टैगिंग कराएं। विभागीय अधिकारी पौधरोपण से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए वन विभाग द्वारा जारी मोबाइल नंबर 9807091454 एवं 9627204852 पर अवगत कराएं। 12 जुलाई के बाद आवंटित लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी पेड़ गोशालाओं में लगाए जाएंगे, इसके साथ ही गोशालाओं में जो भी पेड़ लगाए जाएं वह टी गार्ड के साथ ही बाउंड्री वाल के भीतर ही लगाएं। गौशालाओं में सहजन (मोरिंगा) के पौधे अवश्य लगाएं। ग्राम पंचायतें आवंटित लक्ष्य के अनुरूप सभी पौधे नेशनल हाईवे के किनारे ही लगाएं। विभागीय अधिकारी पौधरोपण अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी इस प्रेरणा के साथ कार्य करें कि जनपद में आयोजित वृक्षारोपण अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम न होकर जनसहभागिता का प्रमुख उदाहरण बनना। उ

पुल की मरम्मत ने थामी रफ्तार, जाम

फर्रुखाबाद। पांचालघाट पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के चलते सोमवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

पुल पर गाटर (जॉइंट) की मरम्मत के दौरान करीब दो घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। जाम चाचूपुर तक पहुंच गया, जहां वाहनों की तीन किलोमीटर लंबी कतार लग गई। इस दौरान एंबुलेंस, रोडवेज बसें, निजी वाहन और दोपहिया चालक घंटों जाम में फंसे रहे। तेज गर्मी और उमस के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई प्रशासनिक अधिकारी भी जाम में फंसे।

ब्लड बैंक के टेक्नीशियनों को नोटिस

फर्रुखाबाद। डॉ. राम मनोहर लोहिया महिला चिकित्सालय में हाल ही में प्रसूता की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक में तैनात दो लैब टेक्नीशियनों की लापरवाही सामने आने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

सीएमओ ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के साथ ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां दो मरीजों के परिजन सीता पत्नी प्रशांत और शाइबा पत्नी सलमान ब्लड मिलने का इंतजार कर रहे थे। जांच में पाया गया कि ब्लड बैंक में पर्याप्त रक्त उपलब्ध होने के बावजूद वहां तैनात सीनियर लैब टेक्नीशियन धीरेश सिंह और लैब टेक्नीशियन शानु भदौरिया ने जननी सुरक्षा योजना की लाभार्थियों को रक्त उपलब्ध नहीं कराया। इसके बजाय उन्हें बाहर से ब्लड डोनर लाने के लिए कहा गया। सीएमओ ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराएं लेकिन संबंधित कर्मचारियों ने निर्देश नहीं माने।

Scanned with OKEN Scanner